भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 920

उत्तर देने की तारीख 21.07.2022

विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका

920. श्री अजय निषाद:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश के विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं;

(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के कुल उत्पादन में एमएसएमई के योगदान का प्रतिशत कितना रहा है;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान एमएसएमई की कुछ इकाइयां भी बंद कर दी गई है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के प्रत्येक वर्ष के दौरान बंद इकाइयों की कुल संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क): जी, हां। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश के विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

(ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार अखिल भारतीय विनिर्माण आउटपुट में एमएसएमई विनिर्माण आउटपुट की हिस्सेदारी निम्नानुसार थी:

वर्ष	अखिल भारतीय विनिर्माण आउटपुट में एमएसएमई विनिर्माण आउटपुट की हिस्सेदारी (प्रतिशत में)
2016-17	37.09%
2017-18	37.38%
2018-19	36.86%
2019-20	36.68%
2020-21	35.98%

(ग) और (घ): उद्योग आधार पोर्टल के अनुसार पंजीकृत होने वाले तथा बाद में विनिर्दिष्ट कारणों से अपना पंजीकरण (दिनांक 15.07.2022 तक) वापस लेने वाले उद्यमों की संख्या निम्नानुसार है:

कारण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21 (30/06/2020 तक)	कुल
आगे आवश्यकता नहीं	0	0	157	94	**251**
बंद कर दिए गए	0	0	245	155	**400**
डुप्लीकेट	0	0	96	69	**165**
स्वामित्व में परिवर्तन	0	0	100	58	**158**
अन्य	0	0	314	182	**496**
कुल	0	0	912	558	**1470**

उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार पंजीकृत होने वाले तथा बाद में विनिर्दिष्ट कारणों से अपना पंजीकरण (दिनांक 15.07.2022 तक) वापस लेने वाले उद्यमों की संख्या निम्नानुसार है:

कारण	2020-21 (01/07/2020 से)	2021-22	2022-23*	कुल
आगे आवश्यकता नहीं	170	3733	1607	**5510**
बंद कर दिए गए	175	6222	2744	**9141**
डुप्लीकेट	67	942	333	**1342**
स्वामित्व में परिवर्तन	60	2713	1138	**3911**
अन्य	459	10465	4673	**15597**
कुल	931	24075	10495	**35501**

** दिनांक 15.07.2022 तक*

*****